दैनिक भास्कर रायपुर 21-04-2023

## रविवि में एनुअल फंक्शन के चौथे दिन हुए कई कल्चरल प्रोग्राम

# भूलभुलइया के थीम सांग मेरे ढोलना... और शिव तांडव स्तोत्र पर स्टूडेंट्स ने किया डांस





सिटी रिपोर्टर. रायपुर

1रविवि में आयोजित एनुअल फंक्शन अभ्युदय हमर परब के चौथे दिन कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्टूडेंट्स ने सिंगिंग, डांसिंग और बैंड की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत अक्षय ने छत्तीसगढ़ी गीत घेरी बेरी... से की। इसके साथ ही मुकुल गोस्वामी ने क्या मुझे प्यार है... गाना गाया। सिंगिंग के बाद सोलो डांस और ग्रुप डांस हुए। जिसमें वर्षा यदु ने प्रेम मेरी आंखों में है... गीत पर सोलो डांस किया। इसके बाद तमिल गाने टम-टम... और आरंभ है प्रचंड... भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा... जैसे गानों पर स्टूडेंट्स ने शानदार प्रस्तुति दी। श्रेया मिश्रा ने सिलसिला ये चाहत का... गाने पर डांस किया।

केमेस्ट्री डिपार्टमेंट के आंचल एंड ग्रुप ने मेरे ढोलना... और रक्तचरित्र... पर एनर्जेटिक परफॉरमेंस दिया। इस पूरे परफॉर्मेंस के दौरान ऑडियंस भी झूमते नजर आए। सीबीएस ग्रुप ने डांस के जरिए सोशल मैसेज दिया। उन्होंने दिखाया कि किस तरह कानून का गलत इस्तेमाल कर एक महिला ने युवक की जिंदगी खराब की। वहीं बेसिक साइंस डिपार्टमेंट के राहुल एंड ग्रुप ने शिव तांडव पर शानदार प्रस्तुति दी। आखिर में बैंड की प्रस्तुति हुई। जिसमें अक्षय शर्मा एंड ग्रुप ने तेरी दीवानी... और सांसों की माला... जैसे फोक म्यूजिक प्ले किया। इन्होंने खूब तालियां बटोरी। पांच दिनी एनुअल डे का समापन शुक्रवार होगा। इसके साथ ही अलग-अलग इवेंट के विनर्स को पुरस्कृत भी किया जाएगा।